आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 09.09.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- दो हजार तीस के यूथ ओलिंपिक और दो हजार छत्तीस में ग्रीष्मकालीन ओलिंपिक खेलों की मेजबानी के लिए दावेदारी पेश करेगा भारत।

- भारत के शीर्ष शतरंज खिलाड़ियों में से एक, पेशेवर शतरंज कोच और फिडे के वरिष्ठ प्रशिक्षक ग्रैंडमास्टर तेजस बाकरे आज पोर्ट ब्लेयर का दौरा करेंगे।

- पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस के तहत वर्ष भर चलने वाले पूजा उत्सवों के लिए ज़ीरो वेस्ट इवेंट पहल की शुरूआत की गई है।

- मध्योत्तर अण्डमान ज़िला पुलिस द्वारा बच्चों के बीच यातायात शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवनिर्मित बाल यातायात पार्क की शुरूआत की गई है।

- अण्डमान निकोबार पुलिस द्वारा नकली शेयर बाज़ार निवेश वेबसाइट या ऐप्स से सावधान रहने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत दो हजार तीस के यूथ ओलिंपिक और दो हजार छत्तीस में ग्रीष्मकालीन ओलिंपिक खेलों की मेजबानी के लिए दावेदारी पेश करेगा। वे कल नई दिल्ली में एशिया ओलिंपिक परिषद की महासभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने खेल बजट को दो हजार चौदह–पन्द्रह के लगभग एक सौ तिरालिस मिलियन डॉलर से बढ़ाकर वर्तमान में लगभग चार सौ सत्तर मिलियन डॉलर कर दिया है। श्री मांडविया ने कहा कि इस सहायता ने एशियाई खेलों में एक सौ सात पदक और एशियाई पैरा खेलों में एक सौ ग्यारह पदक के साथ देश के असाधारण खेल प्रदर्शन में काफी योगदान दिया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि एशियाई ओलिंपिक परिषद स्वयं में इस तथ्य का प्रमाण है कि खेल किस तरह से लोगों को एक साथ ला सकते हैं और भाईचारे की भावना बढा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर लिए गए निर्णय एशियाई एथलीटों के भविष्य और पूरे महाद्वीप में व्यापक खेल परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

<><><><><><><>

भारत के शीर्ष शतरंज खिलाड़ियों में से एक, पेशेवर शतरंज कोच और फिडे के वरिष्ठ प्रशिक्षक ग्रैंडमास्टर तेजस बाकरे आज पोर्ट ब्लेयर का दौरा करेंगे। इस संबंध में, अण्डमान निकोबार चेस एसोसिएशन आज शाम साढ़े पांच बजे पोर्ट ब्लेयर के होटल लेमन ट्री में शतरंज सिमुल कार्यक्रम आयोजित करेगा। कार्यक्रम के बाद अभिभावकों के साथ एक विशेष बातचीत सत्र होगा। द्वीपसमूह के उभरते शतरंज खिलाड़ियों के लिए ग्रैंडमास्टर तेजस बाकरे को चेस खेलते हुए देखने का यह एक शानदार अवसर है क्योंकि वह एक साथ सिमुल में कई विरोधियों से मुकाबला करते हैं। इंटरैक्टिव सत्र में अभिभावक और खिलाड़ी सवाल पूछ सकेंगे और शतरंज प्रशिक्षण और सुधार पर उपयोगी सलाह प्राप्त कर सकेंगे। पंजीकरण के लिए, अण्डमान निकोबार चेस एसोसिएशन के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस के तहत वर्ष भर चलने वाले पूजा उत्सवों के लिए ज़ीरो वेस्ट इवेंट पहल की शुरूआत की गई है। परिषद की ओर से शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में यह एक कदम है। पूजा समितियों के मूल्यांकन और प्रोत्साहन के लिए एक आंकलन योजना विकसित की गई है, जिसके अनुसार पूजा पंडालों में नीले और हरे रंग के कूड़ेदान की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना, भोजन वितरण के लिए प्लास्टिक और बटर पेपर का इस्तेमाल न करना, प्लास्टिक और कागज के गिलास की बजाय स्टील के गिलास का उपयोग करना, प्लास्टिक प्लेटों की जगह स्टील और केले के पत्तों से बनी प्लेटों का इस्तेमाल करने को कहा गया है। पंडालों में सजावट सामग्री को अलग से एकत्र करके पुनर्चकन के लिए संबंधित वार्ड के स्वच्छता निरीक्षक को सौंपना होगा। समारोह के दौरान खाद्य पदार्थों की बर्बादी को कम करने पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए। नगरपालिका परिषद के निरीक्षण दल द्वारा इन मानदंडों के आधार पर पूजा पंडालों का मूल्यांकन करने के लिए औचक निरीक्षण किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ दस पूजा पंडालों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र के साथ दस हजार रूपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इस संबंध में भागीदारी और मूल्यांकन के लिए एस ओ पी परिषद की पोर्टल पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अण्डमान ज़िला पुलिस द्वारा बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा और यातायात शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिगलीपुर में नवनिर्मित बाल यातायात पार्क की शुरूआत की गई

है। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों को इंटरैक्टिव और मजेदार गतिविधियों के माध्यम से यातायात से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करना है। इस पहल के तहत, विभिन्न स्कूलों के छात्र व्यावहारिक तरीके से सड़क सुरक्षा की गहरी समझ हासिल करने के लिए पार्क का दौरा करेंगे। पार्क वास्तविक जीवन की यातायात स्थितियों की नकल करता है, जिससे बच्चे नकली ड्राइविंग या साइकिल चलाने के अभ्यास के माध्यम से यातायात नियमों को सीख सकते हैं। इसका लक्ष्य एक सुरक्षित, आकर्षक वातावरण बनाना है, जहाँ छात्र मौज–मस्ती करते हुए महत्वपूर्ण सुरक्षा सबक सीख सकें। कार्यक्रम के आकर्षण में पार्क में "ट्रैफिक बडी" भी शामिल है, जो छोटा भीम जैसा मुखौटा वाला एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी है। यह चरित्र बच्चों के लिए यातायात शिक्षा को अधिक प्रासंगिक और रोमांचक बनाता है, उनके सीखने के अनुभव को बढ़ाता है और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में एक स्थायी छाप छोड़ता है। इस पहल के पहले चरण के रूप में, पी.एम. श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सुभाष ग्राम के तीस उत्साही छात्रों ने पार्क का दौरा किया। सत्र का उद्घाटन उप–विभागीय पुलिस अधिकारी अंकेश यादव ने किया। यह पूरा अभियान पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खंडेलवाल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार पुलिस द्वारा नकली शेयर बाज़ार निवेश वेबसाइट या ऐप्स से सावधान रहने की सलाह दी गई है। फेस बुक, इंस्ट्राग्राम और गुगल जैसे प्लेट फार्मों पर प्रसिद्ध व्यक्यिों के नकली विज्ञापन बनाकर प्रसारित किए जा रहे है। इन विज्ञापनों द्वारा साइबर अपराधी खुद को शेयर बाज़ार निवेशक के रूप में प्रस्तुत करता है। साइबर अपराधी ट्रैडिंग में रूचि रखने वाले संभावित लोगों को नकली ट्रेडिंग एप्लीकेशन के लिंक साझा करते है। अण्डमान निकोबार पुलिस द्वारा इस तरह की ट्रेडिंग एप्लीकेशन के विज्ञापनों से सतर्क रहने की सलाह दी गई है। अज्ञात संस्थाओं के साथ संवेदनशील वित्तीय जानकारी जैसे–बैंक विवरण साझा करने से बेचे। ऐसे निवेश से बचे जिसपर काफी कम समय में अवास्तविक रूप से उच्च रिटर्न का वादा किया गया हो। अधिक जानकारी के लिए साइबर अपराध शाखा हेल्पलाइन नम्बर या साइबर क्राइम डॉट जी. ओ. वी. डॉट इन पर संपर्क  किया जा सकता है।

<><><><><><><>

गैर सरकारी संगठन विथ यू ने हाल ही में आटम पहाड़ में रहने वाली वरिष्ठ महिलाओं के लिए सैर का आयोजन किया, जिसमें उन्हें कार्वाइन्स कोव बीच ले जाया गया। सैर के दौरान

वरिष्ठ नागरिकों ने समुद्र किनारे शाम बिताई और उनके लिए मनोरंजक कार्यक्रम भी रखा गया। वरिष्ठ नागरिकों ने इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए एनजीओ के प्रयासों की सराहना की। विथ यू की अध्यक्षा सुश्री वी. के. मरियम बीबी ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक स्वस्थ वातावरण बनाए रखने और उनकी भलाई का ख्याल रखने के लिए उनके निरंतर प्रयासों के लिए समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज में पांच वर्षीय समन्वित पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए दूसरे चरण का परामर्श कल लिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ सुबह दस बजे कॉलेज सभागार में परामर्श के लिए उपस्थित रहने को कहा गया है। सामान्य वर्ग सहित सभी श्रेणियों के इच्छुक विद्यार्थी इस परामर्श सत्र में भाग ले सकते हैं। परामर्श में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को इसके बाद वाले परामर्श में शामिल नहीं किया जाएगा।

डॉ.बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षणिक सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए विभिन्न विभागों में अतिथि वक्ताओं की भर्ती के लिए आज वॉक–इन–इंटरव्यू रखा गया है। योग्यता, साक्षात्कार के लिए कार्यक्रम और डेमो विषयों का विवरण संस्थान के वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार संस्थान के शैक्षणिक प्रकोष्ठ से सम्पर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कम से कम एक व्यक्ति को साक्षर बनाने का संकल्प लेने का आहवान किया है, जो विकसित भारत के लिए अहम योगदान होगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि शत प्रतिशत साक्षरता सुनिश्चित करने के लिए हमें प्रतिबद्धता के साथ मिशन मोड में काम करना चाहिए– डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार की बड़ी खबर है। पेरिस पैरालम्पिक में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारत की पदकों की संख्या उनतीस तक पहुंची–इंफो इंडिया की खबर है। सामुदायिक रेडियो का इस्तेमाल करते हुए कई जानकारियां उपलब्ध कराए जाने और बिहार, कर्नाटक और महाराष्ट्र में पायलट परियोजना के रूप में इसका सफल

क्रियान्वयन किए जाने के समाचार को –इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पन्ने में जगह दी है। अगले महीने विद्यार्थी विज्ञान मंथन होने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल में जगह मिली है।

<><><><><><><>